आर.एन.आई. रजि. नं. 52089
Email - sonekikalam@gmail.com

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक – चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में दिव्य राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी को बधाई दी

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में दिव्य राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि दिव्य राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा सभी राम भक्तों को श्रद्धा और आनंद से भर देने वाली है। उन्होंने यह भी कामना की है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम सभी देशवासियों को सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करें। प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या एक और गौरवशाली और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनी है। भव्य-दिव्य राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा का ये पावन अवसर समस्त रामभक्तों को श्रद्धा और आनंद से भावविभोर करने वाला है। मेरी कामना है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद दें।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 9 जून को

**भोपाल।** अगामी मानसून सत्र 2025 में वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव के लिये राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की 6 जून को आयोजित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। यह बैठक 9 जून को मुख्य सचिव प्रतिकक्ष में होगी।

# 'एक पेड़ मां के नाम'

## प्रधानमंत्री ने दिल्ली में भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाया




**◆नईदिल्ली, सोने की कलम।**
**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाते हुए इस अभियान को और व्यापक बनाने का संकल्प लिया।**

श्री मोदी ने अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के अंतर्गत अरावली पर्वत श्रृंखला में पुन: वनरोपण के महत्व का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

श्री मोदी ने कहा कि अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। श्री मोदी ने कहा कि पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया।

एक्स पर अपने पोस्ट की एक श्रृंखला में प्रधानमंत्री ने कहा;- आज, विश्व पर्यावरण दिवस पर, हमने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान के साथ एक पेड़ मां के नाम पहल को मजबूत किया। मैंने दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाया। यह अरावली पर्वतमाला को फिर से वनीकरण करने के हमारे प्रयास- अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का एक हिस्सा भी है।

यह सर्वविदित है कि अरावली पर्वत श्रृंखला हमारी पृथ्वी पर सबसे पुरानी पर्वतमालाओं में से एक है, जिसमें गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंदूर का पौधा रोपा




**• भोपाल, सोने की कलम।**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर उज्जैन में दताना एयर स्ट्रिप पर सिंदूर के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौधा रोपकर प्रदेशवासियों को मानव जीवन के लिए प्रकृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस अवसर पर उज्जैन के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अमरनाथ यात्रा- पहली बार पहलगाम-बालटाल रूट पर जैमर लगाए जाएंगे

# 58 हजार जवान भी तैनात होंगे

**श्रीनगर। अमरनाथ यात्रा के काफिले की सुरक्षा के लिए पहली बार जैमर लगाए जाएंगे, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा प्रदान करेगी। काफिले के गुजरने के दौरान सुरक्षा के लिए यात्रा के दोनों रूट और नेशनल हाईवे को ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया जाएगा। यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे।**



इसके अलावा यात्रा के लिए अलग-अलग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी। जिनमें लगभग 42000 से 58,000 जवान शामिल हैं। CAPF में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, सशस्त्र सीमा बल, इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस, सेंट्रल इंडस्ट्री सिक्योरिटी फोर्स शामिल रहती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 156 कंपनियां पहले से जम्मू-कश्मीर में तैनात थीं, जबकि 425 नई कंपनियों को 10 जून तक तैनात किया जाएगा। 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाली यात्रा पहली बार 38 दिन की हो रही है। 9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी।

# राफेल फाइटर जेट की बॉडी भारत में बनेगी

### टाटा ग्रुप का डसॉल्ट एविएशन के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** राफेल फाइटर जेट की मेन बॉडी अब हैदराबाद में बनेगी। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने इसके लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ चार प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट साइन किए हैं। राफेल की पहली फ्यूजलाज यूनिट 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आएगी। हैदराबाद में बनाए जा रहे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से हर महीने दो पूरी मेन बॉडी तैयार होने की उम्मीद है। टाटा और डसॉल्ट की ये साझेदारी भारत के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाएगी। डसॉल्ट ने कहा कि ये प्रोजेक्ट भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग का एक बड़ा कदम है। इससे भारत में रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय इंजीनियर्स को विश्व स्तरीय तकनीक सीखने का मौका मिलेगा।

# उज्जैन में वेलनेस निवेश को मिला मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रोत्साहन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट में वेलनेस क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा

◆भोपाल, सोने की कलम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट में वेलनेस क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए खुले दिल से आमंत्रित किया और राज्य की अनुकूल निवेश नीतियों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। सभी निवेशकों ने मध्यप्रदेश की निवेश अनुकूल और प्रगतिशील नीतियों की सराहना की और प्रदेश में निवेश के लिए संकल्प लिया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अरबिंदो हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी, लीजर होटल्स ग्रुप के डायरेक्टर श्री मुकुंद प्रसाद, शतायु आयुर्वेद के सीईओ और एमडी डॉ. मृत्युंजय स्वामी, मेफ़ेयर ट्रैवल्स के एमडी श्री शरद थडानी, लाभम ग्रुप के डायरेक्टर श्री युगांश सोनी, शांतिगिरी आश्रम के जोनल हेड स्वामी चितासुधन ज्ञान तपस्वी, रॉयल ऑर्किड होटल के डायरेक्टर श्री सुदीप रॉय, एरा हॉस्पिटैलिटी के संस्थापक श्री शिवंदर सिंह, सीएचएल हॉस्पिटल ग्रुप के डायरेक्टर श्री राजुल भार्गव, लेटेन्ट डेवकॉन के डायरेक्टर श्री देवांग कपाडिया, जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर श्री सुधीर एम.वी., ट्रैवलपैक के चेयरमैन श्री अशोक पटेल, हार्टफुलनेस इंटरफेथ प्रोग्राम्स एंड इवेंट के डायरेक्टर श्री त्रिलोचन चावला और सनसेट डेजर्ट कैंप के सीईओ और एमडी श्री हितेश्वर सिंह सिसौदिया ने वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में, मध्यप्रदेश वेलनेस और आध्यात्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों के इस उत्साहजनक प्रतिसाद से प्रदेश में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है, जिससे मध्यप्रदेश को वैश्विक वेलनेस मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान मिल सकेगा।

# संगठन सृजन अभियान को पूरे प्रदेश में करेंगे साकार

## पूर्व गृहमंत्री बोले - बूथ से लेकर उच्च स्तर तक संगठन मजबूत हो, मैराथन बैठकों का चला दौर

◆इंदौर, सोने की कलम। इंदौर। इंदौर में गुरुवार को पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन संगठन सृजन अभियान को लेकर मीडिया से चर्चा की। बता दे कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर गुजरात के बाद मध्यप्रदेश के साथ हरियाणा में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की गई हैं।



इस विषय पर इंदौर में कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में पूर्व गृहमंत्री एवं इंदौर जिले के लिए बनाए गए चीफ ऑब्जर्वर बाला बच्चन ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं इंदौर शहर कांग्रेस के लिए बनाए गए केंद्रीय पर्यवेक्षक सांसद गुरजीत सिंह ओजला ने इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा जो लोग मध्य प्रदेश में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनेंगे, वहीं कांग्रेस पार्टी को मध्य प्रदेश में चलाएंगे। नए जिला अध्यक्षों के काम को कई तरह से मापा जाएगा, जैसे कांग्रेस पार्टी के वोट बढ़ रहे हैं या नहीं ? क्या जिला अध्यक्ष सभी को साथ लेकर चल रहा है ? जब जिले में किसी दलित,पिछड़े, आदिवासी पर आक्रमण हुआ तो कांग्रेस वहां खड़ी मिली या नहीं ?

इसके साथ जिला अध्यक्षों को कई जिम्मेदारियां और ताकत दी जाएंगी। जिला अध्यक्षों की आवाज स्थानीय चुनाव, विधायकों और सांसदों को चुनने में सुनी जाएगी। अगर कोई सोचता है कि वो जिला अध्यक्षों को अलग कर, कांग्रेस पार्टी में आगे बढ़ सकता है, तो वो गलतफहमी में है। आज के बाद से आने वाले 60 दिनों तक में भी इस प्रक्रिया में दखल अंदाजी नहीं करूंगा। आपके बीच जो पर्यवेक्षक आए है यह जज की भूमिका में है ओर इनके साथ बनाए गए प्रदेश कांग्रेस के ऑब्जर्वर इनके सहायक की भूमिका में होंगे। उन्होंने कहा की अभियान को विस्तार देने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक गुरजीत सिंह ओजला ने आज कांग्रेस कार्यालय में मैराथन बैठकें लेकर विधानसभावार प्रमुख कार्यकर्ताओं ब्लॉक, मंडल अध्यक्षों हारे जीते पार्षदों सहित वरिष्ठ नेताओं से वन टु वन चर्चा कर इंदौर शहर मे संगठन की कमान किसे सौंपी जाए इस पर चर्चा की।

**आप दुनिया को जो चीज देंगे वही चीज लौट कर आपके पास आएगी.... चाहे वह इज्जत हो..... या नफरत.....!!!**

# संपादकीय

## पाक बेनकाब

पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों- सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है।



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूमकर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बताई जाती है। इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है। पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों- सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है। सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूमकर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बताई जाती है। इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है।

# क्या बंद होने वाला है 500 रुपए का नोट..?

## इंदौर से मुंबई तक बाजार में घबराहट, जानिए क्या कह रहे बैंक

**इंदौर। बाजारों में फिर से नोटबंदी की घबराहट बढ़ती दिख रही है। बीते दिनों से बाजार में पांच सौ रुपये के नोट बंद होने की चर्चा शुरू हुई। रिजर्व बैंक के नाम से एक संदेश वाट्सएप ग्रुपों पर प्रसारित हुआ। इसके बाद कारोबारी फिर से नोटबंदी की आशंका में परेशान दिखे।**



मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के सियागंज जैसे सबसे बड़े थोक बाजार से लेकर हवाला कारोबारियों के बीच भी ऐसे संदेश दिनभर चलते रहे। इसमें बताया गया कि बैंकों को एटीएम से 500 रुपये के नोट हटाने का निर्देश मिल चुका है। सरकार इन नोटों को आगे बंद कर सकती है।

आग की तरह फैली अफवाह

अफवाह में आगे यह भी कहा गया कि आगे बैंक भी 500 रुपये के नोटों की शक्ल में निकासी बंद कर देंगे। कई व्यापारियों ने इस आशंका को यह कहकर भी पुष्ट कर दिया कि इन दिनों हवाला से मिल रहे भुगतान में भी छोटे नोट ही दिए जा रहे हैं।


नौ साल पहले नोटबंदी के दौरान व्यापार और लेन-देन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। इसी के साथ उसका असर भी लंबे समय तक बाजार पर दिखा। अब व्यापारियों का कहना है कि 500 का नोट भले एक दम बंद न हो, लेकिन धीरे-धीरे भी सर्कुलेशन से बाहर हुआ तो कारोबारियों की कैश हैंडलिंग मुश्किल हो जाएगी।

100 और 200 के नोटों को संभालना और लाना-ले जाना मुश्किल होगा। नकद का व्यापार प्रभावित होगा क्योंकि आनलाइन भुगतान से लेकर बैंकों ने हर ट्रांजेक्शन पर भी बीते समय से शुल्क बढ़ा दिया गया है। ऐसे में व्यापार का खर्च भी बड़े नोट बंद होने से बढ़ जाएगा।

# इंदौर में कोरोना के 7 नए मरीज

## पांच की मथुरा, केरल, उड़ीसा, बद्रीनाथ और रायपुर की ट्रैवल हिस्ट्री, सभी होम आइसोलेट

**इंदौर। शहर में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को सात नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। ये सभी इंदौर के हैं। इन सभी को होम आइसोलेट किया गया है। इनमें से पांच की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। इंदौर में अब तक कुल कोरोना संख्या 31 हो गई है।**



इंदौर में इस साल कोरोना 24 मरीज मिले हैं जबकि 7 अन्य जिलों से हैं। वर्तमान में अब एक्टिव केसों की संख्या 14 हो गई है। इनमें से अधिकांश में केवल खांसी और जुकाम जैसे हल्के लक्षण ही दिखाई दे रहे थे। बुधवार को जो 7 नए मरीज मिले हैं उनमें 43 वर्षीय महिला की मथुरा, 69 वर्षीय महिला की केरल, 29 वर्षीय युवक की उड़ीसा, 48 वर्षीय महिला की बद्रीनाथ और 36 वर्षीय महिला की रायपुर की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। दो अन्य मरीज 45 और 36 वर्षीय पुरुष हैं। उनकी ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इन मरीजों के कॉन्टैक्ट में आए लोगों की ट्रेसिंग की जा रही है।

सभी मरीज होम आइसोलेट हैं और हालत ठीक हैं। सीएमएचओ डॉ. बीएस सेतिया ने बताया कि नए मरीजों के सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भोपाल भेजे जा रहे हैं।

# रेल लाइन के लिए कटेंगे डेढ़ लाख पेड़

## महू से मुख्तियारा बलवाड़ा के बीच बिछेगी पटरी

**इंदौर। महू-सनावद ब्रॉड गेज के तहत महू से मुख्तियारा बलवाड़ा के बीच पटरी बिछाई जाएगी। इसके लिए इंदौर-खरगोन वन मंडलों की 454 हेक्टेयर वनभूमि का अधिग्रहण होना है। वनमंडल स्तर पर इसका सर्वे पूरा हो गया है। पटरी बिछाने के लिए पूरे प्रोजेक्ट में करीब एक लाख 55 हजार पेड़ काटे जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान इंदौर वनमंडल को होगा।**



वनमंडल स्तर पर रिपोर्ट मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) कार्यालय को भेजी गई है। प्रोजेक्ट का आकलन करने के बाद वन विभाग मुख्यालय को देंगे। फिर पर्यावरण समिति की समीक्षा के बाद अनुमति के लिए वन व पर्यावरण मंत्रालय को भेजी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक पूरी प्रक्रिया में चार-पांच महीने लग सकते हैं।

महू-मुख्तियारा बलवाड़ा के बीच 56 किमी की पटरियां बिछाई जाएंगी। यहां ब्रॉड गेज का काम अलग-अलग कारणों के चलते तीन वर्षो से अटका है। ट्रेन की स्पीड बढ़ाने के लिए पश्चिम रेलवे ने पहले अलाइनमेंट बदला। इसके बाद डबल लाइन को लेकर सर्वे किया। इंदौर वनमंडल की 407 और खरगोन वनमंडल की 46 हेक्टेयर वनभूमि अधिग्रहित होगी। महू वनक्षेत्र से एक लाख 40 हजार और बड़वाह वनक्षेत्र से 15 हजार पेड़ कटेंगे। अधिकारियों के मुताबिक भले ही पश्चिम रेलवे डबल लाइन के लिए सर्वे करवा रही है, लेकिन अभी सिंगल लाइन के हिसाब से पटरियां बिछाई जाएंगी।

इंदौर-खरगोन वनमंडल के पेड़ों को काटकर लकड़ी डिपो भिजवाने का काम वन विभाग करेगा। इसका खर्च भी रेलवे ही उठाएगा। प्रोजेक्ट में 20 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। विभाग के मुताबिक प्रोजेक्ट को अनुमति मिलने के बाद रेलवे को राशि जमा करना होगी।

# प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

**इंदौर।** केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है,कुछ प्रेस संगठनों द्वारा प्रेस-परिषद शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है।

सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है।

सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद शब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(ii) का उल्लंघन है।

# इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**◆इंदौर, सोने की कलम। इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकसित सुपर कॉरिडोर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रारम्भ में मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार द्वारा अपने स्वागत भाषण में प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष तीन लाख वृक्षों को लगाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी एवं अन्य जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।**




इस अवसर पर मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति हमारे लिये भगवान है, यही कारण है कि हम इसकी पूजा करते है, इसका संरक्षण करना हमारा परम धर्म होना चाहिये। उन्होंने उपस्थित बच्चों से कहा कि आप आज रोपे गये वृक्षों की समय-समय पर आकर देखभाल करें। इस प्रकार आप पर्यावरण के प्रति सजग प्रहरी बन सकेंगे।

मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में 51 लाख पौधे लगाने के संकल्प की प्रशंसा की और उसमें प्रत्येक नागरिक को बढ़-चढकर हिस्सा लेने की अपील की।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा विगत वर्ष उनके द्वारा किये गये वृक्षारोपण में से जीवित रहे पौधो की संख्या 100 प्रतिशत है। उन्होंने उन वृक्षों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं प्राधिकरण की इस दिशा में अच्छा कार्य किये जाने की प्रशंसा की।

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं की चित्रकला की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 14 स्कूलों के लगभग 100 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया, जिसका विषय पर्यावरण से संबंधित ही थी। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. निकिता गरोठिया, शा.अहिल्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, द्वितीय स्थान कु. वैशाली सोलंकी, शासकीय मॉडल स्कूल, इन्दौर, तृतीय स्थान श्री देव परमार, शासकीय मॉडल स्कूल, इन्दौर ने प्राप्त किया। आयोजित मुख्य समारोह में मंत्रीगण एवं अतिथियों द्वारा पुरस्तकृत किया गया एवं उनके द्वारा प्रतियोगिता में बनाये गये चित्रों को सराहा।

श्री अहिरवार ने बताया कि सुपर कॉरिडोर पर उपलब्ध स्थान पर 1000 वृक्ष रोपने का लक्ष्य रखा गया है, जिसका 18 माह तक रख-रखाव भी प्राधिकरण द्वारा निजी एजेन्सी को दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 1000 वृक्षों में से 101 पौधे सिन्दुर के रोपे गये, जो वहां उपस्थित मंत्रीगण, सांसद , संभागायुक्त श्री दीपक सिंह एवं अतिथिगण एवं उपस्थित स्कूलों के छात्र-छात्राओं उनके अभिभावक एवं शिक्षिकाऐं द्वारा रोपे गये। वहां उपस्थित जन प्रतिनिधियों की मांग पर मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इसका नाम ऑपरेशन सिन्दुर को समर्पित करते हुए उक्त स्थान का नाम सिन्दुर वाटिका रखने पर अपनी सहमति दी। अंत में आभार श्री श्रवण चावडा ने माना। कार्यक्रम का संचालन श्री कपिलदेव भल्ला द्वारा किया गया।

## असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ शिविर आयोजन का सिलसिला हुआ प्रारंभ

### संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने पहले शिविर का किया शुभारंभ

**◆इंदौर, सोने की कलम।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने रेसीडेंसी एरिया स्थित सन्मति स्कूल परिसर में स्वास्थ्य विभाग एवं श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज के संयुक्त प्रयासों से आयोजित संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का शुभारंभ आज दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालकस्वास्थ्य डॉ. शौजी जोसेफ, क्षेत्रीय संयुक्त संचालक डॉ. पूर्णिमा गडरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्याऔर अरविंदो अस्पताल के डॉ. आदित्य चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर संभागायुक्त श्री सिंह ने संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर का अवलोकन किया और सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में 1167 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवाया। प्रमुख रुप से शिविर में 407 मरीजों की लिपड प्रोफाईल की गई। 110 लोगों का फाईब्रो स्केन किया गया।65 लोगों का ईको, 67 यूएसजी, 59 मेमोग्राफी,



659 का जनरल मेडिसिन में उपचार किया गया, 76 हृदय रोगियों की जाँच की गई, 140 हड्?डी रोग से संबंधित जॉचे व उपचार किया एवं 51 दंतरोग से संबंधित जाँचे की गई। शिविर में आम लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया। यदि किसी कर्मचारी में स्वास्थ्य संबंधी कोई गंभीर समस्या पायी जाती है तो चिन्हित कर उसका समुचित उपचार किया जायेगा।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि शिविर में आने वाले मरीजों की आधुनिक मशीनों से ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, सीबीसी, ईसीजी, फायब्रो स्केन, मेमोग्राफी, मोतियाबिंद, पेपस्मेयर आदि की निःशुल्क जाँच की गई। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा नागरिकों को चिकित्सकीय परामर्श और दवाईयां भी उपलब्ध करायी गई। इसके अलावा केन्द्र सरकार की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड के बारे में भी जानकारी दी गई। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

उल्लेखनीय है कि असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए इंदौर जिले में 13 स्वास्थ्य संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ शिविर आयोजित किये जा रहे है।

## चित्रकला प्रतियोगता में अहिल्याश्रम क्रमांक-2 की निकिता गरोठिया प्रथम



**◆इंदौर, सोने की कलम।** इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनी अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्रमांक-2 की कु. निकिता रामकुमार गरोठिया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि इस अवसर पर मंत्री द्वय श्री कैलाश विजयवर्गीय , श्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा प्रशस्तिपत्र एवं शील्ड निकिता को प्रदान की गई ।

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने दो अपराधियों को किया जिलाबदर

**इन्दौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा इंदौर जिला अन्तर्गत ग्रामीण थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त दो अपराधियों के विरूद्ध 6 माह के लिये जिलाबदर की कार्यवाई की गई है। जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है, उनमें सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम दतौदा निवासी भारत सिंह पिता जालमसिंह मण्डलोई तथा बड़गांव थाना क्षेत्र के गोपाल उर्फ रामगोपाल पिता तोलाराम यादव निवासी ग्राम पांजरिया जिला इंदौर शामिल हैं। इनके विरूद्ध आमजनों से गालीगलौच करने, मारपीट करने, जान से मारने के धमकी देने, आगजनी करने, डराने-धमकाने जैसे मामलों में कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड़, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)